यूरिया खरीदने वाले किसानों के रिकॉर्ड का संधारण करना होगा : कैलाश चौधरी

बीकानेर, (कासं)। खरीफ सीजन के मध्यनजर उर्वरक की सुचारू आपूर्ति व्यवस्था को सुनिश्चित करने को लेकर जिले के समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं व कंपनी प्रतिनिधियों की बैठक कृषि भवन के आत्मा सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में संयुक्त निदेशक (कृषि) कैलाश चौधरी ने समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं व कंपनी प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि जिले में कृषि आदान विक्रेताओं को यूरिया खरीदने वाले कृषकों के रिकॉर्ड का संधारण करना होगा। इसके लिए अलग से रजिस्टर लगाना होगा। रजिस्टर में खाद करने वाले किसान का नाम, पिता का नाम, चक, गांव, बैग की संख्या, खाद कंपनी का नाम, कृषक का आधार नंबर, मोबाइल नंबर लिखकर संबंधित कृषक के हस्ताक्षर करवाए जायेंगे। यह कदम यूरिया खाद का उपयोग गैर कृषि कार्यों में होने की आशंका के चलते कृषि विभाग द्वारा उठाया गया है।

आदान विक्रेताओं को कृषकवार उर्वरक रजिस्टर संधारण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यूरिया खाद का उपयोग गैर कृषि कार्यों में जैसे पशु आहार, प्लाईवुड, प्लास्टिक, रेजिन बनाने वाली फैक्ट्रियों में नहीं होना चाहिए। ऐसा पाये जाने पर वैधानिक नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसलिए दुकानदारों को खाद विक्रय के संबंध में पूरा रिकॉर्ड मेंटेन करने के निर्देश दिए गए हैं।

सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने बताया कि सचिव कृषि उद्यानिकी की ओर से यूरिया की वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए। 50 बैग यूरिया उर्वरक खरीदने वाले किसानों की सूची बनेगी, जांच कर रिपोर्ट तैयार कर आईएफएमएस पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। साथ ही आईएफएमएस पोर्टल से प्राप्त सूचना के अनुसार 50 या इससे अधिक बैग क्रय करने वाले किसानों की सूची संबंधित सहायक कृषि अधिकारी को भिजवाकर जांच रिपोर्ट संयुक्त निदेशक कार्यालय में भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कृषि विभाग की ओर से यूरिया का गैर कृषि उपयोग, कालाबाजारी एवं औद्योगिक इकाइयों में उपयोग पर रोक लगाने, उर्वरकों का वितरण पारदर्शी तरीके से करने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। एक साथ अधिक यूरिया की खरीद करने वाले किसानों की जांच करने, उर्वरकों के अवैध भंडारण व अनावश्यक टैगिंग की प्रभावी रोकथाम के लिए कृषि विभाग टीम बनाकर कार्यवाही कर रहा है।

सहायक निदेशक कृषि सुरेन्द्र मारू ने बताया कि कृषि ग्रेड यूरिया पर सरकारी सब्सिडी, इसलिए तकनीकी ग्रेड से 40 रूपए किलो सस्ती है। कृषि ग्रेड (नीम कोटेड) यूरिया पर केंद्र सरकार सब्सिडी दे रही है ताकि किसानों को सस्ते में खाद मिल सके। फसलों की वृद्धि के लिए आवश्यक नाइट्रोजन मिल सके, इसलिए किसान यूरिया का इस्तेमाल करते हैं। औद्योगिक उपयोग में सिर्फ तकनीकी ग्रेड यूरिया का ही उपयोग किया जा सकता है।

तकनीकी ग्रेड की तुलना में कृषि ग्रेड की यूरिया प्रति किलो लगभग 40 रूपए सस्ती है। यूरिया का उपयोग पशु आहार बनाने, प्लाईवुड, रेजिन और प्लास्टिक बनाने में भी होता है। तकनीकी ग्रेड की यूरिया महंगी होने के कारण कई फैक्ट्री संचालक कृषि ग्रेड यूरिया का भी उपयोग करते हैं। इसी कारण कई क्षेत्रों में डिमांड से ज्यादा यूरिया खाद की खपत होती है। इसलिए कृषि आयुक्तालय की ओर से औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। कृषि विभाग की ओर से टीम बनाकर हर मंडी में फैक्ट्रियों का निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। बैठक में कृषि अधिकारी रामनिवास गोदारा, सीसीबी सुभाष चौधरी, सहकारिता कैलाश सैनी के साथ-साथ कृषि आदान निर्माता कंपनी, कृभको से संदीप बिश्नोई, एस.एस. यादव, जगदीश सिंह शेखावत, इफको से एम.आर. जाखड़, चंबल फर्टिलाइजर से सुमित शर्मा, एनएफएल से लखवीर सिंह के साथ-साथ कृषि उर्वरक विक्रेता सुनील कुमार राठी आदि मौजूद थे।

- 50 बैग यूरिया उर्वरक खरीदने वाले किसानों की सूची बनेगी, जांच कर रिपोर्ट तैयार कर आईएफएमएस पोर्टल पर अपलोड की जायेगी
- यह कदम यूरिया खाद का उपयोग गैर कृषि कार्यों में होने की आशंका के चलते कृषि विभाग द्वारा उठाया गया है

संयुक्त निदेशक (कृषि) डॉ. कैलाश चौधरी ने खरीफ सीजन में उर्वरक उपलब्धता को लेकर थोक उर्वरक विक्रेताओं व कंपनी प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित किया।

अध्यापिका के घर से नकदी व जेवर चोरी

श्रीगंगानगर, (कासं)। जवाहर नगर थाना क्षेत्र के 3 ई छोटी की गली नंबर 5 में दिन दहाड़े चोरी की वारदात हुई। जानकारी के अनुसार एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापिका सरिता रानी के घर पर दोपहर के समय चोरी की वारदात हुई है।

सरिता देवी घर में अकेली है। घटना के समय सरिता देवी स्कूल गई हुई थी। मकान के ऊपर का पोर्शन किराये पर दिया हुआ है। घटना के समय किरायेदार कूलर लगाकर सो रहे थे। इसलिए उन्हें चोरी का पता नहीं लगा। इस संबंध में जवाहर नगर थाने में केस दर्ज हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि चोर अलमारी में रखे 40 हजार रूपए और सोने व चांदी के आभूषण चुराकर ले गया।

सरिता देवी की बेटी के अनुसार आभूषण करीब 5-7 तोला के थे। जवाहर नगर थाने के प्रभारी देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि एक व्यक्ति ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस ने आसपास के घरों के सीसीटीवी फुटेज देखे तो उसमें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहा है। चोर दोपहर 2:40 बजे घर में घुसा और करीब तीन बजे निकला है। इस तरह करीब 20 मिनट में ही वारदात को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि घर में बाहर जाली वाला दरवाजा लगा था, जिसे चोर ने खींचकर खोल लिया। मैन गेट का ताला तोड़ा। इसके बाद अलमारी का ताला खोलकर सामान निकाला और चुपके से निकल गया। सरिता देवी स्कूल से वापस लौटी तो उन्हें चोरी का पता चला।

सार-समाचार

बीएलओ को प्रशिक्षण

द्वितीय बैच सुपरवाइजर्स एवं बीएलओ को डॉ. एस. एल. राठी ने प्रशिक्षण दिया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर पश्चिम, लूणकरनसर, बीकानेर पूर्व एवं खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के द्वितीय बैच के सुपरवाइजर्स एवं बूथ लेवल अधिकारियों का विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को डूंगर कॉलेज स्थित प्रताप सभागार में आयोजित हुआ। इस दौरान बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (नगर) रमेश देव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. एस.एल राठी, डॉ. वाई बी माथुर, डॉ. विपिन सैनी, डॉ. शमिंद्र सक्सेना द्वारा प्रशिक्षण का संचालन किया गया। प्रशिक्षण में बूथ लेवल अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों को गणना पत्र भरने का तरीका एवं संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में बताया गया। मतदाताओं से प्राप्त गणना फॉर्म का सत्यापन संबंधी जानकारी दी गई।

अशोक, खेजड़ी के पौधे लगाये



हरियालो राजस्थान अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ में पौधारोपण किया।

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा विभाग द्वारा जारी हरियालो राजस्थान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ बीकानेर में सघन पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में हुए पौधरोपण महाअभियान के अंतर्गत विद्यालय में अशोक, खेजड़ी, शीशम आदि के पौधे लगाये गए। प्रधानाचार्य सीमा मैथिल ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को पौधे लगाने के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

लोहे का गेट गिरने से मजदूर की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के केसरीसिंहपुर में एक दुखद घटना सामने आई है। अनाज मंडी में लोहे का गेट गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 5 बजे की है। दर्शन लाल नामक किसान अपने ट्रैक्टर-ट्राली में गेहूं की फसल लेकर अनाज मंडी केसरीसिंहपुर जा रहे थे। उनके साथ नरेश कुमार (40) भी था। नरेश कुमार दर्शन लाल के खेत में काम करता था। मंडी पहुंचने पर जैसे ही वे लोहे के गेट को खोलने लगे, गेट अचानक नरेश कुमार पर गिर गया। घायल नरेश कुमार को तुरंत राजकीय अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दर्शन लाल ने इस संबंध में थाना केसरीसिंहपुर में मर्ग दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरेश कुमार सिंधी समुदाय से था और केसरीसिंहपुर का निवासी था।

पिस्तौल व कारतूस की डिलीवरी देने आये थे, पुलिस के हत्थे चढ़े

श्रीगंगानगर,(कासं)। सदर पुलिस ने एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ मंगा और गुरप्रीत सिंह उर्फ राजू 15 पीटीडी समेजा कोठी के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को क्षेत्र में हथियारों की खरीद-फरोख्त की जानकारी मिली थी। इस पर इलाके में गश्त बढ़ाई गई। हैड कांस्टेबल निहालचंद ने टीम के साथ गश्त के दौरान आरोपियों को नीलकंठ कॉलोनी के पास सड़क किनारे खड़े पाया।

तलाशी लेने पर आरोपियों के पास एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी हथियारों की डिलीवरी देने के लिए श्रीगंगानगर आये थे। नीलकंठ कॉलोनी के पास डिलीवरी देने के लिए खड़े थे कि पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

- पूछताछ में पता चला है कि आरोपी हथियारों की डिलीवरी देने के लिए श्रीगंगानगर आये थे

ऐसा संदेह है कि हथियारों का उपयोग किसी वारदात को अंजाम देने के लिए होना था। ऐसे में पुलिस पिस्तौल की डिलीवरी लेने के लिए आने वाले व्यक्ति के संबंध में पूछताछ कर रही है। आरोपियों के पास से बरामद बाइक को भी जब्त किया गया है। प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में कांस्टेबल रघुवीर तरड़, राधेश्याम, मनफूल, अनिल व कैलाश जाखड़ शामिल थे।

अवैध देसी पिस्टल सहित पकड़ा : श्रीगंगानगर पुलिस ने अवैध हथियारों की धरपकड़ और अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के अनुसार पुलिस थाना गजसिंहपुर की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी एसआई सीर कौर के नेतृत्व में एएसआई गुल्लाराम और उनकी टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। टीम ने थादेवाला निवासी रणजीत सिंह (33) पुत्र सुखविंद्र सिंह को एक अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

औषधि नियंत्रक को धमकाने पर केस दर्ज

बीकानेर, (कासं)। डागा बिल्डिंग में अग्रवाल मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करने पहुंची महिला औषधि नियंत्रक को धमकाने और जातिसूचक गालियां निकालने का मामला कोटगेट पुलिस थाने में दर्ज हुआ है।

महिला औषधि नियंत्रक अमृता सोनगरा की ओर से कोटगेट थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि वह डागा बिल्डिंग स्थित अग्रवाल मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करने गई थी। नीतिगत तरीके से निरीक्षण और सैम्पल लेने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान महावीर पुरोहित वहां पहुंचा जो खुद को केमिस्ट एसोसिएशन का अध्यक्ष और इन्द्रा मार्केट में महावीर मेडिकल स्टोर का मालिक बता रहा था। उसने अभद्र व्यवहार किया और धमकी भरे लहजे में निरीक्षण नहीं करने के लिए कहा। झूठे आरोप लगाने लगा और जातिसूचक गालियां दी।

कार-पिकअप की टक्कर में तीन घायल

बीकानेर, (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ में देर रात करीब बारह बजे फिर सड़क हादसा हो गया। यहां एक कार और पिकअप में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें तीन जने घायल हो गए। कार में सवार दोनों युवकों को गंभीर चोट आई है, जबकि पिकअप सवार को भी चोट लगी है।

श्रीडूंगरगढ़ पुलिस के अनुसार देर रात करीब 12 बजे बाना रोड पर रेलवे फाटक से दो किलोमीटर आगे ये हादसा हुआ है। स्विफ्ट कार व पिकअप आमने सामने टकरा गए। कार में तीन युवक सवार थे, जिसमें दो के गंभीर चोट आई है। इनमें राजेश पुत्र सोहनलाल जाट निवासी कुंतासर व महेन्द्र जाट निवासी बाना घायल हुए।

पिकअप सवार बाना निवासी अमरचंद पुत्र जेसाराम नायक घायल हुआ। जिसे बीकानेर रेफर कर दिया गया। टक्कर में पिकअप पलट गई व कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

- श्रीडूंगरगढ़ में रात करीब 12 बजे बाना रोड पर रेलवे फाटक से दो किलोमीटर आगे ये हादसा हुआ

इमरजेंसी सेवा नम्बर 112 वाहन के चालक श्रवण कुमार ने मौके पर घायलों को निकालने में सहयोगी रहे। वहीं हरिराम बाना, इन्द्रचंद गोदारा, सुरेन्द्र महिया ने अपने वाहनों से उतर कर घायलों को निकाला और निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। हेड कांस्टेबल देवाराम टीम सहित मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा कर यातायात सुचारू करवाया। दोनों वाहन गांव बाना के ही बताये जा रहे हैं। श्रीडूंगरगढ़ में आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।

भगवान नेमीनाथ जन्म कल्याणक पर स्नात्र पूजा

बीकानेर, (कासं)। आचार्य प्रवर जिनमणि सूरिश्वर महाराज के आज्ञानुवर्ती गच्छाधिपति आचार्य प्रवरजिन मणि प्रभ सूरिश्वर महाराज के आज्ञानुवर्ती गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर , मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, साध्वी दीपमाला व शंखनिधि के सानिध्य में क्षमा कल्याण वाटिका ढड्ढा कोटड़ी में मंगलवार को 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ जन्म कल्याणक भक्ति संगीत के साथ मनाया गया। बुधवार को खरतरगच्छ स्थापना दिवस मनाया जायेगा। सुगन महाराज का उपासरा ट्रस्ट, अखिल भारतीय युवा परिषद की बीकानेर इकाई की ओर से सकल संघ के सहयोग से आयोजित चातुर्मास स्थल पर हुए स्नात्र पूजा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने हिस्सा लिया। पूजा के दौरान परमात्मा की कृपा से म्हारो आत्मा, आत्मा बन जासी परमात्मा, इतनी शक्ति हमें देना दाता, मनका विश्वास कम न होना तथा भगवान नेमी नाथ के सांसारिक जीवन में बारात के गीत में बताया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in, **2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 25.08.2025 को 15:00 बजे तक, **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 25.08.2025 को 15.00 बजे के बाद, **Tender Notice No.:** 09-TRD-BKN-ETender-2025-26, **Name of work:** TRD modification work in c/w conversion of non-running line no. 4 into running line at Mandi Dabwali station, Bikaner Division, **Approx Cost of the work:** 38,86,579.9, **EMD/SD (Rupees):** 77,700.00

934-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

राजस्थान सरकार

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652,

Email :- uit_sgnr@yahoo.com

क्रमांकः नियमन/2025Rajkaj Ref No दिनांकः यथा हस्ताक्षरित

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 06 में भूखण्ड संख्या का माप 14. 6' गुणा 50-0' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री राय सिहं पुत्र औम प्रकाश निवासी मुरारी कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री राय सिहं पुत्र औम प्रकाश निवासी मुरारी कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 06 में भूखण्ड संख्या का माप 14.6' गुणा 50-0' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

महिला और उसकी बेटी पर लाठियों से हमला

बीकानेर, (कासं)। अक्कासर गांव में जमीन विवाद के चलते एक महिला को पीटने का मामला सामने आया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति एक महिला पर लाठी से हमला करते हुए दिखाई दे रहा है। मामले मे पीड़ित महिला ने गजनेर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।

थानाधिकारी चंद्रजीत के अनुसार अक्कासर निवासी विमला पत्नी सहीराम जाति जाट ने एफआईआर दी है। जिसमें बताया कि वह अपनी पुश्तैनी जमीन में ढाणी बनाकर अपने परिवार के साथ रहती है। अपनी ढाणी के पास नाबालिग पुत्री गाय चरा रही थी। रिपोर्ट में बताया कि इस दौरान चंपालाल और उनके बेटे सोहनलाल, राजूराम आये। फिर जबरन गायों को ले गए। जब बच्ची गायें लेने गई तो उसके मारपीट की। लाठी, जेई और कुल्हाड़ी से हमला किया। मां बचाने गई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो दूसरी बेटी ने बना लिया। एफआईआर के साथ वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

- खेत में गायों को चराने पर विवाद
- लाठी, जेई और कुल्हाड़ी से हमला किया

छात्रावासों की सार-संभाल जरूरी

बीकानेर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित शाला व छात्रावासों की झालावाड़ दुखांतिका-2025 की घटी घटना से शासन व प्रशासन को इस मानसून में अविलम्ब खैर खबर लेते हुए उनकी सार-संभाल व रखरखाव की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि झालावाड़ पिपलोदी गांव की सरकारी स्कूल जैसी पुनरावृत्ति ना हो।

भारतीय वाल्मीकि नवयुवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वाल्मीकि मुकेश राजस्थानी ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त कर आशंका जताई है। संगठन के अध्यक्ष मुकेश राजस्थानी ने कहा कि झालावाड़ दुखांतिका से छात्र-छात्राओं व अभिभावकों में उसका मंजर दिलो-दिमाग से नहीं गया है।

युवक की बहादुरी से बाइक व नकली पिस्तौल छोड़कर भागे

अनूपगढ़, (कासं)। बस स्टैंड के पास स्थित पेट्रोल पंप पर देर रात साढ़े 11 बजे एक लूट का प्रयास नाकाम हो गया। दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने राहगीर से मदद के नाम पर मोबाइल मांगा और बाद में पिस्तौल दिखाकर डराने की कोशिश की।

राहगीर विक्रम ने बताया मानवता के नाते अपना मोबाइल दे दिया। युवकों ने जिस नंबर पर कॉल किया, वह स्विच ऑफ मिला। उन्होंने फोन लौटाया और पास ही पेट्रोल डलवाने लगे। इसी दौरान विक्रम की नजर उनमें से एक की पेंट में दबे पिस्तौलनुमा हथियार पर पड़ी। अपराध की आशंका होते ही सतर्कता दिखाई और उन्हें रोकने का प्रयास किया। जब आरोपी ने पिस्तौल निकालकर डराने की कोशिश की। विक्रम ने हिम्मत दिखाते हुए उस पर मुक्के बरसा दिए। इस प्रतिरोध से घबराकर दोनों युवक अपनी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और पिस्तौल वही छोड़कर भाग गए।

- जब्त बाइक के नंबर और मोबाइल फोन से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है पुलिस

शोरगुल सुनकर मौके से गुजर रहे पार्षद प्रतिनिधि दीपक बवेजा और गौरव सेठी वहां पहुंचे। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के निर्देशन में पुलिस दल मौके पर पहुंचा। घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन और एक पिस्तौल बरामद की गई।

प्राथमिक जांच में पता चला कि पिस्तौल नकली है, लेकिन उसकी बनावट इतनी असली जैसी थी कि किसी को भी भ्रम हो सकता था। पुलिस अब जब्त मोटरसाइकिल के नंबर और मोबाइल फोन के माध्यम से आरोपियों की पहचान में जुटी है।

संपर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं के निस्तारण का समय 23 से घटकर 14 दिन हुआ

बीकानेर, (कासं)। संपर्क पोर्टल पर अपलोड प्रकरणों की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक मंगलवार को एडीएम सिटी रमेश देव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। एडीएम सिटी ने बताया कि जुलाई माह में संपर्क पोर्टल पर परिवेदनाओं का निस्तारण समय 23 दिन से घटकर 14 दिन हो गया है। जून माह मे यह समय 23 दिन और मई माह में 30 दिन था।

एडीएम सिटी ने बताया कि जिले में पिछले महीने 61 से 90 दिन (दो से तीन महीने) के बीच लंबित परिवेदनाएं 104 थी जो अब घटकर 46 रह गई है। इसी प्रकार 91 दिन से 180 दिन के बीच लंबित परिवेदनाओं की संख्या भी पिछले महीने की 57 से घटकर 26 रह गई है। इन 26 परिवेदनाओं में सर्वाधिक 06 परिवेदनाएं नगर पालिका नोखा की है। छह महीने से ऊपर की सभी परिवेदनाओं का निस्तारण कर दिया गया है। पिछले महीने इनकी संख्या 04 थी। एडीएम सिटी देव ने बताया कि परिवेदनाओं के निस्तारण को लेकर संतुष्टि का स्तर भी पिछले माह के 58.74 फीसदी से बढ़कर 59.90 फीसदी हुआ है। साथ ही रिजेक्ट हुई परिवेदनाओं को लेकर संतुष्टि का स्तर भी 40.97 फीसदी से बढ़कर 42.16 फीसदी हो गया है। बैठक में एडीएम सिटी ने बताया कि जिले में सर्वाधिक लंबित परिवेदनाएं पीएचईडी की 302, राजस्व की 299, विद्युत विभाग की 171, पंचायती राज की 132 है।

बैठक में डीएसओ नरेश शर्मा ने बताया कि उनके विभाग का परिवेदना निस्तारण समय 09 दिन और संतुष्टि का स्तर 96 फीसदी है। एडीएम सिटी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष सीएमओ, सीएमआर, राज्यपाल, लोकायुक्त इत्यादि जगहों से आई परिवेदनाओं का एक-दो दिन में निस्तारण करें। विभागाध्यक्ष खुद भी पोर्टल खोल कर मॉनिटरिंग करें।

एडीएम सिटी रमेश देव ने संपर्क पोर्टल पर अपलोड प्रकरणों की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक को संबोधित किया।

- संतुष्टि का स्तर भी 40.97 फीसदी से बढ़कर 42.16 फीसदी हो गया

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.08.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700024323, 4324, 4398, 4578, 4616, 4621, 4628, 117680730050593, 1971, 2083, 2143, 2213, 2218, 2220, 2333, 2354, नोखा, 135170700015127, 5279, 5361, 5441, 135170730039334, 9591, 9594, 9752, पंच शती सर्कल, 115300700029182, 9187, 9262, 9279, 9359, 9506, 9513, 9525, 9527, 9549, 9567, 9568, 9572, 9579, 115300730080723, 0749, 0789, 0904, 1004, 1072, 1074, 1136, 1137, 1151, 1190, 1196, 1219, 1232, 1285, 1286, 1297, 1298, 1317, 1324, 1325, 1380, 1381, 1399, 1487, 1630, श्री डुंगरगढ, 135300700014214, 4284, 4361, 4388, 4444, 135300730040233, 0237, 0317, 0374, 0410, 0423, 0446, 0475, 0522, 135300780000101, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700034958, 7635, 7822, 7888, 8016, 135100730044149, 4169, 4382, 4400, 4401, 4416, 4425, 4465, 6062, 6269, 6440, रविन्द्र पथ, 117420700037634, 7684, 7763, 7923, 7960, 7973, 7984, 8021, 8025, 8034, 8053, 8072, 8079, 117420730043076, 3700, 3871, 3891, 3938, 3949, 4013, 4039, 4061, 4086, सुखाड़िया सर्कल, 117490700021845, 1846, 1848, 1861, 2047, 117490730024558, 4767, 4877, 4878, सूरतगढ राजस्थान, 135560700025911, 5996, 6171, 6173, 6229, 6314, 135560730055146, 5660, 5791, 5842, 5938, 5949, 5953, 5969, 5974, 6041, 6087, 6114, 6141, 6198, 6249, 6292, 6360,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.